सार-समाचार

भगवान दत्तात्रेय का प्राक्टोत्सव मनाया

भरतपुर, (निस)। खिरनी घाट स्थित मंदिर श्री अग्रेश्वर महादेव पर मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को भगवान दत्तात्रेय का प्राक्टोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंत्री विष्णु लोहिया एवं मंदिर संयोजक विनोद कुमार मेडीकल ने बताया कि मंदिर परिसर में ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिदेव के स्वरूप भगवान श्री दत्तात्रेय कासोम्य व दिव्य श्रीविग्रह प्रतिष्ठित है जिसकी पूजाअर्चना एवं हवन यज्ञ विधि विधान से पं. प्रेमी शर्मा द्वारा कराया गया। भगवान को नई पोशाक धारण कराकर श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम मंदिर श्री दाऊजी महाराज विकास ट्रस्ट अध्यक्ष गोपीलाल अग्रवाल, भरतपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष भगवानदास बंसल, समाजसेवी मुरारी लाल चौधरी एवं भगवताचार्य भगवानदास रामभक्त के मुख्य आतिथ्य में हुई। पं. प्रेमी शर्मा ने बताया कि सती माता अनुसुईया एवं रिशी अत्रि के आश्रम में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों त्रिदेव प्रकट हुए। भगवान दत्तात्रेय के रूप में अनुसुईया की परीक्षा कक बाद माता ने तीनों देवों को बालक बना दिया था। श्रीमद् भागवत में दत्तात्रेय भगवान के 24 गुरू बनाए थे, तंत्र शास्त्र में दत्तात्रेय सभी तामसिक और तांत्रिक समस्याओं का निवारण करते हैं। आज भगवान दत्तात्रेय का अवतरण दिवस मनाया गया। पूर्ण आहूति के बाद महाआरती हुई एवं खीर, हलुआ, पूआ, खोवा की गजक की प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर समाजसेवी मोहन मित्तल, परषोत्तम डीगिया, महेश गोयल सर्राफ, पं. राजू शमा, खाटूश्याम, महेशचंद सिंघल, गोपालचंद सिंघल सर्वेअर, विनोद डीगिया, अर्जुन बंसल, वेदप्रकाश मित्तल, आलोक बंसल, प्रेम गोयल, विनय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

छौंकरवाड़ा में वाटरशैड महोत्सव

भुसावर भरतपुर, (निस)। गॉव छौंकरवाडा के राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर में जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग भरतपुर द्वारा वाटरशैड महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रवि कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग भरतपुर बजरंग शाह मीणा द्वारा की गई। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भुसावर पंचायत समिति प्रधान सुफेदी देवी ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत प्रशासक फूलवती देवी, भैसीना पंचायत प्रशासक राहुल तिवारी, मैम्बर सिंह चौंटोली, जिला परिषद सदस्य कुँवर किशन सिंह पप्पू एवं भाजयुमो के पुष्कर चौधरी ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत गॉव में होकर राजीविका की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई और पानी बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अधिकारी करतार सिंह मीना, गोपाल लाल मीना, शिव शंकर, भवानी शंकर पाण्डेय, वीना गोयल सहित अन्य वक्ताओं ने आमजन को पानी बचाने को लेकर शपथ दिलवायी।

अंडर-16 क्रिकेट टीम का स्वागत

भरतपुर, (निस)। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा घोषित की गई राजस्थान की अंडर-16 टीम का ग्वालियर जाते समय जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी एवं जिले के पदाधिकारियों के द्वारा सारस चौराहे पर भव्य स्वागत सम्मान किया गया। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि राजस्थान की टीम के सभी मैच ग्वालियर में आयोजित होने हैं। उसके लिए आज राजस्थान की क्रिकेट टीम बस द्वारा भरतपुर होते हुए ग्वालियर के लिए जा रही थी। पूरी टीम व टीम के समस्त स्टाफ का सारस चौराहा भरतपुर पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत में सभी खिलाड़ियों को माल,साफा,पटका पहनकर व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर जीत की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी गई। तिवारी ने यह भी बताया इस टीम में भरतपुर के आशीष प्रजापत भी सदस्य के रूप में शामिल हैं। राजस्थान टीम के साथ मुख्य कोच नृपजीत सिंह एवं सहायक कोच के रूप में मनीष वर्मा, आबिद खान व विजय शर्मा व इस स्वागत के दौरान बीनू सिंह, अवदेश खटाना, अंकित पांचाल, अवदेश कुमार, निखिल तिवारी, रवि शर्मा राजवीर चाहर, जगराम गुर्जर,देवेंद्र सिंह कालू, गौरव फ़ौजदार बंटू पींचगाई, आदि उपस्थित रहे।

मृतक के परिवार को सहायता की मांग

हिण्डौन सिटी, (नि.सं.)। गत 26 नवंबर को जयपुर के रामनगरिया रोड पर हुए मोटरसाइकिल हादसे में मृत हिण्डौन क्षेत्र के बाजना खुर्द गांव के 20 वर्षीय युवक हिमांशु चौधरी के परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग को लेकर भाजपा नेता चरण सिंह सोलंकी एवं सतपाल चौधरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। पत्र में नेताओं ने बताया कि 26 नवंबर को जयपुर से गांव लौट रहे हिमांशु चौधरी पुत्र भगवान सहाय जाट उम्र 20 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल पर बड़े भाई विवेक के साथ जा रहा था। रामनगरिया रोड पर सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में हिमांशु की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का पोस्टमार्टम जयपुर के एसएमएस अस्पताल में कराया गया। हिमांशु जयपुर में रहकर पढ़ाई कर रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि मृतक के परिजनों को शीघ्र आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाए।

पंचकर्म पद्धति से मरीजों को मिला लाभ

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। गंगापुर सिटी उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीना ने गुरुवार को राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान सभी कर्मचारी समय पर उपस्थित मिले। एसडीएम ने ओपीडी, औषध वितरण कक्ष, आंचल प्रसूता केंद्र और पंचकर्म केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। एसडीएम ने उपचार ले रहे रोगियों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने पंचकर्म केंद्र में चल रही प्रक्रियाओं को समझा और संबंधित प्रभारी से उपचार पद्धति पर विस्तार से चर्चा की। पंचकर्म प्रभारी डॉ. अब्दुल मुक्तदिर खान ने वर्तमान में संचालित सेवाओं और रोगियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान डॉ. आनंद बिहारी शर्मा, डॉ. केशव प्रसाद सहित कई जने मौजूद रहे।

उप स्वास्थ्य केंद्र पर लटका ताला

रुदावल भरतपुर, (निस)। भरतपुर के बयाना क्षेत्र के गांव जौतरोली में सरकार द्वारा करीब एक साल पहले उप स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग तो बना दी गईं है लेकिन, बिना डॉक्टर के बनी बिल्डिंग सोपिस बनी हुई है और आज तक ताला लगा हुआ है। ग्रामीणों ने नराजगी जताते हुए कहा की गाँव को कोई भी सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोगों को दिखाने के लिए काफ़ी दूरी तय करके जाना पड़ता है, जिससे काफ़ी समस्यायों का सामना करना पड़ता है। जौतरोली में बना उपस्वास्थ्य केंद्र बिना डॉक्टर के ताला लगा हुआ खड़ा है। फिलहाल लोगों का कहना है की अगर अतिशीघ्र चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हुई तो प्रदर्शन करेंगे।

वयोवृद्ध महिलाओं का सम्मान 20 को

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। अग्रवाल समाज महिला समिति उदेई मोड़ ने अग्रसेन सेवा संस्थान में एक बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष शकुंतला नक्शे वाली ने की। इसमें अग्रवाल समाज की 70 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के सम्मान समारोह पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति की महामंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वृद्ध महिला सम्मान समारोह 20 दिसंबर को अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड़ पर आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में समाज की 70 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाएं भाग ले सकेंगी। समारोह में शामिल होने के लिए पंजीकरण 15 दिसंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक महिलाएं सीमा तिमावा, सरोजिनी अतेवा, अनूप, कृष्णा और सीमा सिंघल से संपर्क कर सकती हैं। बैठक में संरक्षक मंडल से रत्ना धर्मकांटा, कोषाध्यक्ष अंजू लपटी, सदस्य सरोज, मंजू, हेमलता, सुमन, कृतिका, बबीता और अनीता सहित कई अन्य महिलाएं मौजूद रही।

मुस्कान एक पहल ने बांटे कपड़े

भुसावर भरतपुर, (निस)। भुसावर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटामदा में निर्धन छात्र छाताओं के लिए गर्म एवं दैनिक कपड़े प्रधानाचार्या एवं मुस्कान की मासिक सदस्या अर्चना शर्मा के निर्देशन में वितरित किए गए। संस्था के संयोजक अरविन्द मित्तल ने बताया कि शारदीयों में प्रत्येक सप्ताह में गांव गांव में खुशियों का बाजार लगाकर सभी जरूरत मन्द को गर्म एवं सादा कपड़े,जूते,मोजे आदि जनसहयोग से वितरित किए जाते हैं। तथा किसी भी निर्धन परिवार को गांव वालों की सिफारिश पर राशन किट,विधवा की बेटी की शादी में सहयोग तथा अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी आदि की निःशुल्क व्यवस्था भी की जाती है। मुस्कान एक पहल द्वारा संचालित 12 प्रकल्पों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विजय सिंहल, सुनीता मैडम, भारत लाल एवं समस्त स्कूल स्टाफ का विशेष सहयोग मिला।

करौली जिले में 108 बाल वाहिनियों के चालान किये

करौली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार ममता चौधरी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) करौली द्वारा परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर वाहन बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया।

उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली ने एमसी मेहता बनाम भारतसंघ व अन्य में दिये निर्देशानुसार एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा बाल-वाहिनियों का निरीक्षण किये जाने के संबंध में प्राप्त दिशा निर्देशों की पालना में बाल वाहिनियों का जांच बिंदु अनुसार निरीक्षण किया जाकर बाल वाहिनियों का रंग, उल्लेख, वाहनों पर स्कूल का नाम, पता, वाहन चालक एवं सहायक का नाम मोवाईन नम्बर, पीली स्ट्रिप, सुरक्षा ग्रिल, प्राथमिक चिकित्सा पेटी, जीपीएस, पीने के पानी की व्यवस्था, शीशों पर टिंट नहीं लगी हा, आपातकाली निकास विशेष बच्चा हेतु सुविधा, वाहन चालक, सहायक के वैध लाईसेंस व पहचान दस्तावेज, ड्राइवर को भारी वाहन चलाने का न्यनतम 05 वर्ष का अनुभव, बाल वाहिनियों के दस्तावेजात, सीट क्षमता, वाहन स्कूल ड्यूटी हेतु पंजीकृत है अथवा नहीं, वाहन का समग्र फिटनेस, गति एवं संचालन ड्राइवर मोबाईल/ईयरफोन का उपयोग न करे, ड्राइवर व सहायक का समय-समय पर मेडीकल परीक्षण, स्कूल परिसर व्यवस्था, वाहन में कैमरे आदि के वारे में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकांश वाहनों में क्षमता से ज्यादा बच्चे बैठे हुए मिले तथा वाहनों पर विद्यालय का नाम स्पष्ट लिखा हुआ नहीं पाया गया जिनके मौके पर ही चालान किये गए। निर्देशित किया गया की विद्यालय का नाम बाल वाहिनियों पर स्पष्ट लिखा हुआ होना चाहिए तथा बच्चों को बाल वाहिनीयों मैं क्षमता के अनुसार ही बैठाया जाना चाहिए।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार चलाये जा रहे बाल वाहिनीयों के निरिक्षण अभियान के दौरान करौली जिले में स्थित विद्यालयों की बाल वाहिनीयों की जांच की जाकर अब तक 108 बाल वाहिनियों के चालान किये गये तथा 67 रहे बाल वाहिनियों को जप्त किया गया।

ममता चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली ने अभिभावकों से अपील की है की वह अपने बच्चों को स्कूल भेजने से पूर्व स्कूल की बस / बाल वाहिनी कि एक बार आवश्यक रूप से जांच ले।

वाहन चालक एवं सहायक का बच्चों के प्रति व्यवहार कैसा है के बारे में भी समय समय पर बात करें तथा विद्यालयों से अपील की गई की वह चालक के गंभीर चालान/दुर्घटना रिकॉर्ड के वारे में जांच करें।

भरतपुर संवाददाता के अनुसार : रजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज अनुतोष गुप्ता, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा कुम्हेर रोड, नदबई पर बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिन बाल-वाहिनियों का फिटनेस एवं बीमा नहीं था उन वाहनों को मौके पर जब्त करवाया गया और जिन बाल-वाहिनियों का परमिट समाप्त हो गया था, उनके संबंध में आवष्यक कार्यवाही हेतु जिला परिवहन अधिकारी, भरतपुर को पत्र प्रेषित किया गया।

निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा वाहनों के दस्तावेजों की वैधता, फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, बीमा, विद्यालय का नाम एवं पता, ड्राइवर का नाम, पता, मोबाइल नंबर, वाहन का रंग, जीपीएस सिस्टम, चिकित्सा बॉक्स, अग्निष्मन यंत्र तथा बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जांच की गई। सचिव द्वारा सभी अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित बाल-वाहिनियों में ही स्कूल भेजें और उनके आग्रह पर विद्यालयों के द्वारा व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता है, तो वे इसकी सूचना बिजलीघर चौराहे के पास, जिला न्यायालय परिसर में संचालित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिला अस्पताल नदबई में डायलिसिस सुविधा शुरू

नदबई भरतपुर, (नि.सं.)। नदबई क्षेत्र के मरीजों को अब डायलिसिस कराने के लिए भाग-दौड नहीं करनी पडेगी। जिले में ग्रामीण क्षेत्र में भी अब किडनी रोगियों को डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करवायी गई है।

यह सुविधा जिला अस्पताल नदबई में डायलिसिस सुविधा शुरू करवायी गई है। चिकित्सा विभाग व हंस फाउण्डेशन के बीच एमओयू के बाद गुरूवार को नदबई विधायक जगत सिंह ने डायलिसिस केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हंस फाउण्डेशन के रीजनल सीनियर मैनेजर यशपाल एवं डिप्टी प्रोग्राम मैनेजर नरेन्द्र जांगिड सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर, अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. बीएल मीणा, बीसीएमओ राहुल कौशिक, पीएमओ नदबई चिकित्सालय पवन गुप्ता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि नदबई जिला चिकित्सालय में हंस फाउण्डेशन की ओर से करीब 70 लाख रूप्ये की लागत से 3 बैड के डायलिसिस केन्द्र का निर्माण कराया गया है।

जिला चिकित्सालय पर डायलिसिस केन्द्र का संचालन होने से ग्रामीण क्षेत्र के किडनी मरीजों को जिला चिकित्सालय पर निशुल्क डायलिसिस के साथ ही मेडिसिन की सुविधा होने से मरीजों एवं परिजनों को राहत मिलेगी। डिप्टी प्रोग्राम मैनेजर नरेन्द्र जांगिड के अनुसार सेंटर में 3 बैड आधुनिक डायलिसिस मरीशनें और 1 चिकित्सक सहित 4 सदस्यीय प्रशिक्षित स्टाफ की सुविधा रहेगी उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार सुविधाएं बढाई जाएंगी।

किडनी रोगियों को मिलेगी राहत

डायलिसिस की मशीन शुरू होने से किडनी रोगियों को राहत मिलेगी। इससे किडनी रोगी के खून को पूरी तरह से साफ किया जाता है। किडनी रोगियों को समय समय पर डायलिसिस करवाना पडता है। अब स्थानीय किडनी मरीज लोगों को भरतपुर एवं जयपुर जाना नहीं पडेगा। निजी अस्पताल में डायलिसिस का खर्च हजारों रूपए आता है अब किडनी मरीज रोगी अपने ही क्षेत्र में डायलिसिस करवा सकेगा।

'निःशुल्क होगा डायलिसिस'

जिला अस्पताल नदबई में डायलिसिस सुविधा शुरू होने के बाद मरीजों को काफी राहत मिलेगी। निजी अस्पतालों में डायलिसिस करवाने पर हजारों रूपये खर्च होते हैं। जबकि इन चिकित्सा संस्थानों पर यह सुविधा निःशुल्क मिलेगी।

दिव्यांग दिवस समारोह भगवती पैलेस में संपन्न

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। सक्षम टीम गंगापुर सिटी (जिला सवाई माधोपुर) के तत्वावधान में विश्व दिव्यांग दिवस का भव्य आयोजन भगवती पैलेस में किया गया।

दिव्यांग जनों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजस्थान संयोजिका डॉ. सरिता बंसल एवं दिव्यांग सेवा केन्द्र प्रभारी श्रीकृष्ण वल्लभ शर्मा ने दिव्यांग जनों के सम्मान, अधिकारों और समाज में समान अवसरों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष सुधा गुप्ता ने बताया कि सक्षम संगठन निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में दिव्यांग जनों को सशक्त बनाने हेतु प्रयासरत है। जिला महिला प्रमुख कुशला खूंटेटा ने कहा कि इस अवसर पर दिव्यांग जनों के प्रोत्साहन हेतु विशेष फिल्म सितारे जमीन पर दिखाई गई, जिसने सभी को गहराई से प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग प्रतिभागियों एवं दिव्यांग हितार्थ समर्पित समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष मनोज बंसल, रीना पालीवाल, विशेष योग्य शिक्षक आरती, डॉ. मुकेश गर्ग, लायंस क्लब सार्थक की कार्यकारिणी, डॉ. अनुज शर्मा तथा स्कूल शिक्षा परिवार की कार्यकारिणी सहित अनेक समाजसेवियों का सम्मान किया गया। रीना पालीवाल एवं मनोज बंसल ने अपने उद्बोधन में सक्षम टीम के सेवा कार्यों की सराहना की। अंत में जिला टीम एवं पदाधिकारियों ने सभी आगंतुकों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ममता खण्डेलवाल, शिप्रा गोयल, सचिव वर्षा नाटानी, सह सचिव सीमा गुप्ता, राधा दीक्षित, कोषाध्यक्ष बबीता जिंदल, क्रीड़ा आयाम प्रभारी अंजना रावत, सुमन बंसल, दीपा अग्रवाल, घनश्याम लाल गुप्ता, महेश शर्मा, विकास अग्रवाल, बलराम शर्मा, ऋतिक शर्मा, रेख सिंह, मुकेश गुर्जर, सुनिल जिन्दल चरणजीत सिंह सहित लगभग 200 दिव्यांग बंधुओं व परिजनों तथा 100 समाजसेवियों ने सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

सम्मान किया

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा राजस्थान प्रदेश ने मुकेश प्रजापत को सवाई माधोपुर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

मुकेश के जिलाध्यक्ष बनने पर प्रजापत समाज में खुशी लहर दौड़ पड़ी। मुकेश प्रजापत भारतीय जनता युवा मोर्चा में मंडल उपाध्यक्ष पद पर हैं एवं शहर मण्डल में मंडल मंत्री के पद कार्य कर चुके। गुरूवार को सभापति शिवरतन अग्रवाल एवं शहर मण्डल अध्यक्ष मिथलेश व्यास के नेतृत्व में पार्षद बबलू चौधरी, वेदप्रकाश शर्मा, अतुल मुद्गल, मंडल उपाध्यक्ष विकास सैनी, पार्थ गुप्ता, जीतू गुर्जर सहित सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने मुकेश प्रजापत का माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया। इस दौरान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि मुकेश के जिलाध्यक्ष बनने से समाज नई ऊंचाइयों को छुएगा एवं समाज के युवाओ में एक नए जोश का संचार होगा। उन्होंने समाज हित में निरंतर कार्य करते रहने का आहवान किया।

गंगापुर सिटी में पांच कर्मचारी अनुपस्थित, मिल, नोटिस दिए

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। गुरुवार को उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीना ने विभिन्न सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बाल विकास परियोजना कार्यालय और ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय में कुल पांच कर्मचारी गैर मौजूद पाए गए, जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण की शुरुआत बाल विकास परियोजना कार्यालय से हुई, जहां उपस्थिति रजिस्टर की जांच में तीन कर्मचारी गैरहाजिर मिले। इसके बाद ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय का दौरा किया गया, जहां दो कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के गैरमौजूद पाए गए। उपखंड अधिकारी ने दोनों विभागों के गैरमौजूद कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मीना ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (डीओआईटीसी), राजकीय आयुर्वेद अस्पताल और तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन कार्यालयों में रिकॉर्ड संधारण, साफ-सफाई, सरकारी योजनाओं की प्रगति और शिकायत निवारण व्यवस्था की समीक्षा की। उपखंड अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को कार्यालय समय की नियमितता सुनिश्चित करने और योजनाओं से संबंधित कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े कार्यों का समय पर निपटारा किया जाए और कार्यालय आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस औचक निरीक्षण के बाद सरकारी कार्यालयों के कर्मचारियों में सतर्कता का माहौल देखा गया।

ओंकारेश्वर में कथा होगी

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। श्री राधा कृष्ण मानस मंडल की ओर से आगामी दिनों में प्रमुख तीर्थ स्थल ओंकारेश्वर में कथा का आयोजन किया जाएगा।

मंडल के सदस्य मोहनलाल ठेकेदार, कमलेश बैराड़ा, एडवोकेट शिवकुमार शर्मा, गिरीश मित्तल, सुरेशचंद रामू गुट्टा व मदन मोहन शर्मा ने जानकारी दी कि आगामी 26 दिसंबर 2025 को ओंकारेश्वर तीर्थ स्थल स्थित आदिवासी धर्मशाला में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा 26 दिसंबर से शुरू होगी और 2 जनवरी को कथा का समापन होगा। इस कथा के प्रमुख यजमान एडवोकेट शिवकुमार शर्मा होंगे, जबकि कथा वाचन का दायित्व पंडित डॉ. पुरुषोत्तम शरण शास्त्री कुडगांव वाले निभाएंगे। इसके लिए सभी श्रद्धालु मंडल के नेतृत्व में 24 दिसंबर को गंगापुर सिटी से रात 1.30 बजे रेलवे स्टेशन से इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से इंदौर के लिए रवाना होंगे। इंदौर से बस द्वारा ओंकारेश्वर धाम पहुंचेंगे। श्रद्धालु भी 25 दिसंबर शाम तक ओंकारेश्वर धाम पहुंचना सुनिश्चित करें। रजिस्ट्रेशन होने के बाद समुचित व्यवस्था की जाएगी। आने जाने का किराया स्वयं बहन करना पड़ेगा।

मूलभूत सुविधाओं के लिए वजीरपुर में प्रदर्शन जारी

गंगापुर सिटी, (नि.सं.)। वजीरपुर उपखंड मुख्यालय पर विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों का धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। ग्रामीण एसडीएम कार्यालय के बाहर सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता पिंटू बडौली ने बताया कि बडौली मोड़ से मीना बडौदा तक की मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने इस सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की है। इसके अतिरिक्त, पानी की नियमित आपूर्ति और बिजली व्यवस्था में सुधार की भी मांग उठाई गई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे धरने से नहीं हटे। दोपहर बाद भी वार्ता के प्रयास किए गए, जिस पर ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक उच्च अधिकारी मौके पर आकर समाधान का ठोस आश्वासन नहीं देंगे, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। इस बीच सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता बदनसिंह धरना स्थल पर पहुंचे।

उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि सड़क पर काम शुरू कर दिया गया है और 15 दिसंबर से डामर का काम भी शुरू हो जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

आउटरीच कैंप आयोजित

करौली, (नि.सं.)। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्टेडियम के पास करौली के क्षेत्र वार्ड नंबर 14 भगत कॉलोनी में आउट रीच कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों को ओपीडी सेवाओं सहित एएनसी, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग सेवाएं प्रदान की गई।

सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि आमजन को घर के नजदीक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रतिमाह आउटरीच कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत गुरुवार को भगत कॉलोनी में कैंप लगाया गया जिसमें ओपीडी सेवाएं प्रदान कर दवाई वितरित की गई।

उन्होंने बताया कि कैंप में एनएनसी, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग कर परिवार कल्याण संबंधी सेवाएं दी गई। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में आउटरीच कैंप से माध्यम से मरीजों को रोग विशेषज्ञ सेवाऐं प्रदान की जाएंगी। कैंप में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. वंदना , पीएचएम तेनसिंह सहित स्टाफ परवेज खान,सपना मीना, पिस्ता जाटव ,प्रिया सैनी एएनएम, उमेर जीएनएम का विशेष योगदान रहा।

बॉक्सिंग के मुकाबले हुए

भरतपुर, (निस)। भारत सरकार, राजस्थान सरकार एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 5वें खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी खेलों का आयोजन लोहागढ़ स्टेडियम, भरतपुर में भव्य रूप से किया जा रहा है।

खेलों के इस राष्ट्रीय स्तर के महाकुंभ में देशभर की विश्वविद्यालयों से आए कुल 240 खिलाड़ी एवं 144 ऑफिशियल सहित 384 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता के चौथे दिवस गुरूवार को बॉक्सिंग के मुकाबलों में बालक एवं बालिका वर्ग के विभिन्न वजन वर्गों के चौंपियनों के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 5 दिसम्बर को बॉक्सिंग के फाइनल मुकाबले आयोजित किये जायगे। फाइनल मुकाबले के विजेताओं को पदक प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि फाइनल मुकाबले दूरदर्शन स्पोर्ट्स पर लाइव प्रसारित किए जा रहे हैं।

शिविर लगा

भरतपुर, (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार अनुतोष गुप्ता, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा आदर्श टैगोर शिक्षा समिति नदबई में एक विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया।

शिविर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नदबई विकास राम चौधरी के द्वारा सभी बच्चों को नैतिकता का पालन करते हुए शिक्षित बनने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा कहा गया कि शिक्षा से ही विकास संभव है।

सचिव, अनुतोष गुप्ता के द्वारा उपस्थित सभी बच्चों को नकल संबंधी, बाल-विवाह, साइबर क्राइम, बच्चों से संबंधित लैंगिक अपराध, नालसा हेल्प लाइन 15100, विधिक सहायता एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली के संबंध में बताते हुए उच्च आदर्श अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

पश्चिम मध्य रेल

शुद्धि पत्र

विषय– आवेदन अधिसूचना संख्या : सी–560/102/STBA/2025-26/05/2025 दिनांक 17.11.2025 अनारक्षित टिकिट जारी करने के लिए कोटा मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर स्टेशन टिकिट बुकिंग एजेन्ट की नियुक्ति हेतु चाहे गये आवेदन की सूचना के लिए शुद्धि पत्र

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा द्वारा भारत संघ के लिये व उनकी ओर से कोटा मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर स्टेशन टिकिट बुकिंग एजेन्ट की नियुक्ति हेतु आवेदन अधिसूचना संख्या : सी–560/102/STA/2025-26/05/2025 दिनांक 17.11.2025 आमंत्रित किये गये थे जिसमें निम्न त्रुटि सुधार किया गया है:– आवेदन अधिसूचना संख्या : सी–560/102/STBA/2025-26/05/2025 दिनांक 17.11.2025 में आवेदन पत्र जमा करने की तिथि व समय दिनांक 13.12.2025 समय 10:00 बजे तक एवं आवेदन खोले जाने की तिथि व समय दिनांक 13.12.2025 समय 16:00 बजे लिखा गया था। दिनांक 13.12.2025 को शनिवार को कार्यालय में सप्ताहिक अवकाश होने के कारण आवेदन पत्र जमा करने की तिथि व समय में बदलाव किया गया है, आवेदन पत्र जमा कराने की तिथि व समय दिनांक 15.12.2025 समय 10:00 से 13:00 बजे तक एवं आवेदन खोले जाने की तिथि व समय दिनांक 15.12.2025 समय 16:00 बजे रहेगी।

हस्ता.
वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक,
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

मॉडल स्कूल करौली में जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड आयोजित

करौली, (नि.सं.)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में किया।

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक सर्वेश कुमार गुप्ता ने